संख्याःशिक्षा-एच0ई0(8)सी(5)-1/2021-संस्कृत छा.
उच्चतर शिक्षा निदेशालय, हिमाचल प्रदेश ।

प्रेषण,

निदेशक(उच्चतर शिक्षा),
हिमाचल प्रदेश ।

सेवा में

समस्त प्रधानाचार्य/मुख्याध्यापक,
रा0व0मा0पा0/रा0उ0पा0, हि0 प्र0 ।

दिनांक शिमला-171001 07 मार्च, 2022

विषयः- संस्कृत शिक्षा के विकास की योजना के अन्तर्गत शिक्षा सत्र 2021-22 की मेधावी छात्रवृत्ति प्रदान करने हेतु प्रदेश के शिक्षण संस्थानों में नियमित रूप से अध्ययनत छात्र/छात्रों से ऑनलाईन आवेदन आमन्त्रण बारे ।

ज्ञापन;

उपरोक्त विषय पर उल्लिखित है कि **पूर्व की भांति** इस वर्ष भी संस्कृत भाषा के प्रचार एवं प्रसार के लिए शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा संचालित केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, दिल्ली द्वारा संस्कृत शिक्षा के विकास की योजना के अन्तर्गत परम्परागत धारा में मान्यता पाप्त राजकीय उच्च विद्यालय/राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में 9वी,/10वीं/11वीं/12वीं, पाठ्यक्रमों में संस्कृत विषय को मुख्य या ऐच्छिक विषय के रूप में नियमित अध्ययनरत छात्रों के लिए वर्ष 2021-22 की मेधावी छात्रवृत्ति हेतु ऑनलाईन माध्यम से आवेदन पत्र आमन्त्रित किए गये हैं। इस संज्ञान में पाठशाला स्तर पर आवेदन करने के लिए अर्हता/शर्ते इस प्रकार से हैः-

- छात्रवृत्ति हेतु आवेदन पत्र केवल ऑनलाईन द्वारा ही स्वीकार्य हैं । कोई भी आवेदन पत्र या प्रमाण पत्र डाक द्वारा अथवा अन्य माध्यम से विश्वविद्यालय को भेजने की आवश्यकता नहीं है ।
- संस्थाओं द्वारा ऑनलाईन प्रक्रिया के अन्तर्गत विश्वविद्यालय की निर्धारित वेबसाईट www.sanskrit.nic.in अथवा www.scholarship.csu.co.in के माध्यम से क्रमशः step-1: दिशानिर्देश ध्यानार्थ (जो परिशिष्ट-"क" पर संलग्न है), step-2: संस्थानों का पंजीकरण, step-3: संस्थानों के विवरण का सत्यापन, step-4: संस्थानों का सक्रियण (Activation of the institutions) तथा step-5: छात्र द्वारा छात्रवृत्ति के लिए आवेदन जमा करने आदि की प्रक्रिया हेतु निर्धारित तिथियाँ :-

सोपान	विस्तृत सूचना	निर्धारित तिथियाँ	
Step-1	सभी शैक्षिक संस्थाओं को ऑनलाईन के माध्यम से पंजीकरण अथवा प्रोफाईल अपडेशन करना होगा । जैसा कि अधिसूचना में उल्लिखित है ।	पंजीकरण/प्रेफाईल अपडेशन करने की **आरम्भ तिथि 20.12.2021**	पंजीकरण/प्रेफाईल अपडेशन करने की **अन्तिम तिथि 18.03.2022**
Step-2	सम्बद्ध संस्था का नाम छात्रों का ऑनलाईन आवेदन पत्र में प्रदर्शित होने के पश्चात् छात्र द्वारा छात्रवृत्ति हेतु ऑनलाईन के माध्यम से आवेदन करना होगा ।	ऑनलाईन द्वारा आवेदन करने की **आरम्भ तिथि 20.12.2021**	ऑनलाईन द्वारा आवेदन करने की **अन्तिम तिथि 20.03.2022**

उपर्युक्त के दृष्टिगत् पात्र छात्रों द्वारा ऑनलाईन भरे जाने वाले आवेदन का उल्लेख महाविद्यालय स्तर पर रखा जाये और उसकी सूचना सम्बन्धित निदेशालय को भारत सरकार से संस्तुति प्राप्त होने के पश्चात्, तदानुसार प्रेषित करें । पात्र छात्रों के ऑनलाईन द्वारा आवेदन करने की **अन्तिम तिथि** से पहले प्राथमिकता के आधार पर, व्यक्तिगत रूची लेकर, बिना किसी विलम्ब के भरा जाना सूनिश्चित करें ।

निदेशक(उच्चतर शिक्षा),
हिमाचल प्रदेश ।

पृष्ठांकन सम संख्यक दिनांक शिमला-171001 मार्च, 2022
प्रतिलिपिः-

1) समस्त उप-निदेशक(उच्चतर शिक्षा),........................जिला....................हि0प्र0 को इस कथन के साथ प्रेषित है कि आपके जिला की राजकीय तथा मान्यता प्राप्त पाठशालाओं का पाठशालावार विवरण पाठशालाओं से प्राप्त होने पर समेकित रूप में इस निदेशालय को सितम्बर माह में प्रेषित करना सूनिश्चित करें ।

2) तकनीकी अधिकारी (कम्प्यूटर प्रकोष्ट), उच्चतर शिक्षा निदेशालय, हि0प्र0 कृपया उपरोक्त संस्कृत मेधावी छात्रवृत्ति योजना का प्रकाशन उच्चतर शिक्षा विभाग की वेबसाईट पर किया जाये ।

निदेशक(उच्चतर शिक्षा),
हिमाचल प्रदेश ।